# KHAN GLOBAL STUDIES

Kisan Cold Storage, Campus, Mussallahpur,Patna - 06

Mob. : 8877918018, 8757354880

# Modern History

For : UPSC,BPSC,JPSC,UPPCS,CDPO, CDS, CAPF, CET, SSC, RLY, NDA, BSSC, बिहार दारोगा etc.




# 1857 की क्रांति





## By : Khan Sir

(मानचित्र विशेषज्ञ)

# 1857 की क्रांति

☞ **1857 की क्रांति :** इस क्रांति के पृष्ठभूमि बहुत पहले से ही तैयार हो रही थी। भारतीय जनता धीरे-धीरे अंग्रेजों के खिलाफ होते जा रही थी जिसके कई कारण थे–

➲ **आर्थिक कारण–** अंग्रेजों ने जमींदारी व्यवस्था, महालवारी, रैयतवाड़ी, स्थाई बंदोवस्त इत्यादि द्वारा भारतीय किसानों का अत्यधिक शोषण किया जिस कारण भारतीय किसान गरीब हो गए। वे इसका कारण अंग्रेजों को मानते थे।

➲ **सामाजिक कारण –** अंग्रेजों ने सती प्रथा, नरबली, बाल विवाह पर प्रतिबंध लगा दिया तथा विधवा पुर्नविवाह लागू करा दिया, जिस कारण भारतीय समाज में एक क्रांति की भवना आने लगी।

➲ **प्रशासनिक कारण –** लार्ड डलहौजी ने हड़प निति के तहत सतारा, अवध, झांसी, कानपुर, इलाहाबाद, जगदिशपुर, सिक्किम इत्यादि पर अधिकार कर लिया। इसने नाना साहब का पेंशन बंद कर दिया। जिस कारण ये सभी राजा विरोधी हो गए।

➲ **धार्मिक कारण –** अंग्रेज ईसाई धर्म का अत्यधिक प्रचार करते थे। जिस कारण भारतीय समाज विरोधी हो गया।

➲ **तकनीकि कारण –** रेल, डाक तथा प्रेस के प्रारंभ होने से विद्रोह की भावना तथा संदेश तेजी से फैलने लगा।

➲ **सैनिक कारण –** भारतीय सैनिकों को दाढ़ी, मुँछ, पगड़ी तथा बाला (कड़ा) पहनने पर रोक लगा दिया गया जिस कारण सैनिक खिलाफ हो गए।

➲ **तत्कालिक कारण –** अंग्रेजों ने Base field rifel के स्थान पर Enfield राइफल को लाया। तभी यह अफवाह उड़ गई कि हिन्दुओं को दी जाने वाली राइफल के कारतुस पर गाय की चर्बी तथा मुसलमानों को दी जाने वाले राइफल के कारतुस पर सुअर की चर्बी लगी है तथा अंग्रेजों के द्वारा दिए जानेवाले आटे में गाय और सुअर के हड्डी का पाउडर मिला है। जिस कारण सैनिकों में मतभेद हो गया।

➲ बंगाल के बैरखपुर छावनी के 34 Native Infantry के जवान मंगल पाण्डेय ने इन कारतुसों के प्रयोग को मना कर दिया। उसके अधिकारियों ने जब दबाव बनाया तो उसने लेफ्टिनेंट बाज तथा लेफ्टिनेंट ह्युज को गोली मार दी। इस कारण मंगल पाण्डे को 8 अप्रैल, 1857 को बैरकपुर छावनी में फाँसी दे दी गई। मंगल पाण्डेय U.P. के बलिया का रहने वाला था। इस घटना के कारण सारे सैनिकों के अंदर विद्रोह की भावना आ गई।

➲ सैनिकों ने 30 मई, 1857 को विद्रोह का दिन निर्धारित किया और इसके लिए रोटी तथा कमल के फूल द्वारा संदेश फैलाया गया।

➲ मेरठ के 20 NI के जवानों ने 10 मई, 1857 को ही विद्रोह कर दिया।

➲ ये विद्रोही पूरे छावनी के हथीआरों को लुटकर 11 मई को दिल्ली पहुँच गए। विद्रोहियों ने दिल्ली पहुंचकर दिल्ली की छावनी को जीत लिया और बहादुरशाह जफर को विद्रोह का नेता जबरदस्ती घोषित कर दिया गया।

➲ 4 जून, 1857 को बेगम जहरत महल ने लखनऊ से विद्रोह कर दिया।

➲ 5 जून, 1857 को नानासाहब तथा तात्याटोपे ने कानपुर से विद्रोह कर दिया। तात्याटोपे का मुल नाम राम चंद्र पांडु रंग था। ये झांसी के रानी के गुरु थे।

➲ झांसी से विद्रोह मनु बाई (झांसी की रानी) ने किया ये बनारस की रहने वाली थी जिनका विवाह ग्वालियर के राजा गंगाधर राव से हुआ था। ग्वालियर की राजधानी उस समय झांसी थी।

➲ पटना से विद्रोह पुस्तक विक्रेता पीर अली ने किया था।

➲ आरा के जगदीशपुर के जमींदार वीरकुंवर सिंह ने विद्रोह किया। इन्होंने लीग्रांड को 23 अप्रैल, 1858 को पराजित कर दिया। किन्तु कुंवर सिंह के हाथ में गोली लग गई थी जिस कारण उन्होंने अपना हाथ स्वयं काट कर गिरा दिया, जिस कारण कुछ दिन बाद उनकी मृत्यु हो गई। कुंवर सिंह के भाई को गोरखपुर जेल में डाल दिया गया जहां उनकी भी मृत्यु हो गई। बिहार सरकार 23 अप्रैल को विजय दिवस के रूप में मनाती है।

☞ **विद्रोह दबाने वाले अंग्रेजी सेनापति–**

**(i) दिल्ली (बहादुर शाह II) :** निकलसन तथा हडसन।
**(ii) फैजाबाद (अयोध्या) - मौलबी अहमदुल्लाह :** कर्नल रेनड।
**(iii) फत्तेहपुर (अजीमुल्ला) :** कर्नल रेनड।
**(iv) बरेली (खान बहादुर खां) :** विसेंट आयर।
**(v) लखनऊ (हजरत महल) :** कैम्पवेल।
**(vi) कानपुर (नाना साहब) :** कैम्पवेल।
**(vii) झांसी (मनुबाई) :** ह्यूरोज।
**(viii) ग्वालियर (तात्याटोपे) :** ह्यूरोज।
**(ix) इलाहाबाद (लियाकत अली) :** कर्नल नील।
**(x) जगदीशपुर (कुंवर सिंह) :** लीग्रांड।
**(xi) पटना (पीर अली) :** विसेंट आयर।

**Remark :-** कर्नल नील, लारेंस तथा हैबलक विद्रोह दबाते समय मारे गए थे।

1859 में जब तात्याटोपे पकड़े गए तो विद्रोह को पूर्णत: समाप्त समझा जाने लगा।

By : Khan Sir (मानचित्र विशेषज्ञ)

☞ **1857 के विद्रोह के असफलता का कारण–**

(i) हथियार की कमी,
(ii) संगठन का अभाव,
(iii) नेतृत्व की कमी,
(iv) राजपुत तथा सिंधिया ने अंग्रेजों का साथ
(v) शिक्षित लोग तटस्थ (Nutral) रहे
(vi) बहादुर शाह की पत्नी जिनत महल ने सभी गोपनिय सुचनाएं अंग्रेजों को दे दी और अंग्रेजों ने हुमायुं के मकबरे के समीप बहादुर शाह जफर को पकड़ लिया और उसे रंगुन भेज दिया जहाँ 1862 में उसकी मृत्यु हो गई।
(vii) विद्रोहियों में देश प्रेम की भावना नहीं बल्कि आपसी स्वार्थ था।

**E.g–** (a) बेगम हजरत महल से अवध छिना गया।
(b) नाना साहब का पेंशन रोका गया।
(c) झांसी की रानी के दत्तक पुत्र को राजा नहीं बनाया गया।
(d) कुंवर सिंह से जमिंदारी छिन ली गई।

➲ विद्रोह के दौरान इलाहाबाद को अंग्रेजों ने आपातकालीन केन्द्र बनाया था। जब विद्रोह समाप्त हुआ तो इंग्लैण्ड की महारानी ने अपना घोषणा पत्र लार्ड कैनिंग को भेजा।

➲ लॉर्ड कैनिंग ने इसे 1858 में इलाहाबाद में पढ़कर सुनाया। इस घोषणा के अनुसार इस्ट इंडिया कम्पनी को समाप्त कर दिया गया और भारत का शासन इंग्लैण्ड की महारानी को दे दिया गया। ब्रिटेन ने यह वादा किया की वह नया क्षेत्र पर कब्जा नहीं करेगा।

➲ विद्रोह के समय इंग्लैण्ड के प्रधानमंत्री पाम अस्टरलीन थे तथा भारत का गवर्नर जनरल लॉर्ड कैनिंग था। विद्रोह समाप्ति के बाद पिल आयोग के सिफारिस पर सेना का पुर्नगठन किया गया और सेना में राजपुत तथा ब्राह्मणों की संख्या घटा दी गई। जबकि नेपाली तथा पठान की संख्या बढ़ा दी गयी।

☞ **1857 की क्रांति में विभिन्न विद्वानों द्वारा दिया गया मत–**

(1) यह राष्ट्रीय विद्रोह था - डिजराईली।
(2) यह सैनिक विद्रोह था - सिले और लॉरेन्स।
(3) यह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम था- बी.डी. सावरकर।
(4) यह हिन्दु मुस्लिम षड्यंत्र था- जेम्स आउट्रम।
(5) यह ईसाइयों के विरूद्ध धर्मयुद्ध था- रीज।
(6) यह सभ्यता और बर्बरता का युद्ध था- टी.आर होम्स।
(7) यह न तो प्रथम न ही राष्ट्रीय और न ही स्वतंत्रता संग्राम था- आर.सी. मजूमदार।
(8) यह जन क्रांति था- रामबिलास शर्मा।

☞ **1857 की क्रांति में विभिन्न लेखकों द्वारा लिखा गया पुस्तक–**

(1) 1857 - सुरेन्द्र नाथ सिंह, मौलाना अबुल कलाम।
(2) महान विद्रोह- अशोक मेहता।
(3) 1857 का विद्रोह - पी.सी. जोशी।
(4) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम - बी.डी. सावरकर।
(5) प्रथम राष्ट्रीय विद्रोह - बी.डी. सावरकर।
(6) 1857 का विद्रोह और सैनिक विद्रोह - आर.सी. मजूमदार।

## *One Liner Question :-*

★ 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था? **–लार्ड केनिंग**
★ वर्ष 1857 के विद्रोह में किसने सबसे पहले अपना बलिदान दिया? **–मंगल पाण्डे ने**
★ 1857 के विद्रोह में कानपुर में सैनिकों का नेतृत्व किसने किया था? **–तात्या टोपे ने**
★ 1857 के विद्रोह की शक्ति का सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व कौन–सा था? **–हिन्दू-मुस्लिम एकता**
★ रानी लक्ष्मीबाई का मूल नाम क्या था? **–मणिकर्णिका**
★ भारत के शिक्षित मध्यम वर्ग ने **–1857 की क्रांति में तटस्थ रहे**
★ 1857 में अंग्रेजी साम्राज्य के विरुद्ध पंजाब में किसने सशस्त्र विद्रोह किया? **–नामधारी सिखों ने**
★ बिहार में 1857 की क्रांति के नेता कुँवर सिंह का देहांत कब हुआ? **–9 मई, 1858 में**
★ अंग्रेजी भारतीय सेना में चर्बीवाले कारतूसों से चलने वाली एनफील्ड राइफल कब शामिल की गई? **–जनवरी 1857 में**
★ कौन–सा आयोग 1857 का विद्रोह दमन के बाद भारतीय फौज के नवसंगठन से सम्बन्धित है? **–पील आयोग**
★ 1857 के विद्रोह को किस उर्दू कवि ने देखा था? **–मिर्जा गालिब**
★ कौन 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों का सबसे कट्टर दुश्मन था? **–मौलवी अहमदुल्ला शाह**
★ जगदीशपुर के राजा थे **–कुँवर सिंह**
★ 1857 के विद्रोह का नेतृत्व बिहार में किसने किया? **–कुँवर सिंह ने**
★ 1857 की क्रांति के समय ब्रिटेन का प्रधाानमन्त्री कौन था? **–लार्ड पामर्स्टन**
★ वर्ष 1857 के विद्रोह के सन्दर्भ में किसे उसके मित्र ने धोखा दिया तथा जिसे अंग्रेजों द्वारा बन्दी बनाकर मार दिया गया। **–तात्या टोपे को**
★ कौन–सा एक क्षेत्र 1857 के विद्रोह से प्रभावित नहीं था? **–चित्तौड़**
★ 1857 के विद्रोह के दौरान दिल्ली में विद्रोह का सैन्य–नेतृत्व किसने किया? **–बख्त खाँ ने**
★ सर्वप्रथम किसने 1857 के विद्रोह के तुरन्त बाद इसे एक 'राष्ट्रीय विद्रोह' की संज्ञा दी? **–बैंजामिन डिजरायली ने**
★ 1857 की क्रान्ति के सम्बन्ध में किसने कहा : 'यह विद्रोह भारत की स्वतंत्रता के लिए सुनियोजित युद्ध था? **–वी. डी. सावरकर ने**
★ जातीय आधार पर 1857 के विद्रोह के दमन में अंग्रेजों का सहयोग करने वाले थे **–सिख, गोरखा, पठान**
★ किसे 1857 के विद्रोह की सबसे कमजोर कड़ी के रूप में देखा जाता है? **–बहादुरशाह**
★ 1857 के विद्रोह की अस्फलता के बाद बहादुरशाह II को कहाँ निर्वासित कर दिया गया? **–रंगून**

By- Khan Sir (मानचित्र विशेषज्ञ)

★ वह कौन-सा ब्रिटिश सेनापति था, जिसकी 1857 के विद्रोह को दबाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही? **–कैम्पबेल**

★ 1857 की क्रांति का चि क्या निश्चित किया गया था? **–कमल एवं चपाती**

★ महारानी विक्टोरिया ने भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश ताज (British crown) के नियंत्रण में लेने की घोषणा कब की थी? **–1 नवम्बर, 1858 को**

★ 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार ने सिपाहियों का इन प्रांतों से चयन किया **–गोरखा, सिख एवं पंजाबी उत्तर प्रांत से**

★ भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का सरकारी इतिहासकार था **–एस. एन. सेन**

★ मंगल पाण्डे कहाँ के विप्लव से जुड़े हैं? **–बैरकपुर के**

★ आधुनिक इतिहासकार, जिसने 1857 के विद्रोह को 'स्वतंत्रता की पहली लड़ाई' कहा था **–वी. डी. सावरकर**

★ मेरठ में विद्रोह आरम्भ हुआ **–10 मई, 1857 को**

★ 1857 का विद्रोह कहाँ से प्रारम्भ हुआ? **–मेरठ**

★ 1857 के विद्रोह का तात्कालिक कारण था **–चर्बी वाले कारतूसों का प्रयोग आरम्भ करना**

★ वह पहला भारतीय सिपाही कौन था, जिसने चर्बी वाले कारतूस का प्रयोग करने से इंकार कर दिया? **–मंगल पाण्डे**

★ अंग्रेजी भारतीय सेना में चर्बी वाले कारतूसों से चलने वाली एनफील्ड राइफल कब शामिल की गई? **–दिसम्बर 1856**

★ किस महत्वपूर्ण घटना के बाद गवर्नर जनरल का पद समाप्त कर वायसराय का पद बनाया गया? **–1857 ई. का ऐतिहासिक विद्रोह**

★ किस घटना के बाद भारत का शासन ईस्ट इंडिया कम्पनी के हाथों से निकलकर ब्रिटिश सम्राट के हाथों में आ गया? **–1857 की क्रांति**

★ मंगल पाण्डे, जिसने अकेले 1857 ई. में विद्रोह का सूत्रपात किया, सम्बन्धित था **–34वीं नेटिव इफैंट्री से**

★ बेगम हजरत महल ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किस शहर से किया था? **–लखनऊ से**

★ 1857 का विद्रोह मुख्यत: किस कारण से असफल रहा? **–किसी सामान्य योजना और केन्द्रीय संगठन की कमी**

★ किसने 1857 के विद्रोह को एक 'षडयंत्र' की संज्ञा दी? **–जेम्स आउट्रम व डब्ल्यू. टेलर ने**

★ किस वर्ग ने 1857 के विद्रोह में भाग नहीं लिया? **–साहूकार और जमींदार ने**

★ 1857 में किसने इलाहाबाद को आपातकालीन मुख्यालय बनाया था? **–लार्ड कैनिंग ने**

★ गुडकरी विद्रोह (1844) का केन्द्र था **–कोल्हापुर**

★ 1857 के बरेली विद्रोह का नेता कौन था? **–खान बहादुर**

★ आजादी की पहली लड़ाई 1857 में किसने भाग नहीं लिया? **–भगत सिंह ने**

★ किसने 1857 में अंग्रेजों से संघर्ष किया? **–शहादत खान ने**

★ भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का मुख्य तात्कालिक कारण था **–अंग्रेजों का धार्म में हस्तक्षेप का संदेह**

★ 1857 में भारत में हुए विद्रोह के एक नेता तात्या टोपे का मूल नाम क्या था? **–रामचन्द्र पाण्डुरंग**

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** वर्ष 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?
(A) लॉर्ड हेंस्टिंग्स (B) लॉर्ड कैनिंग
(C) लॉर्ड एमहर्स्ट (D) लॉर्ड आकलैंड
**[Uttarakhand PCS (Pre) 2017]**

**2.** 1857 के विद्रोह के दौरान बहादुर शाह ने किस 'साहब-ए-आलम बहादुर' का खिताब दिया था?
(A) अजीमुल्लाह (B) बिरजिस कद्र
(C) बख्त खान (D) हसन खान
**[UPRO/ARO (Pre) 2016]**

**3.** मंगल पांडे सिपाही था–
(A) 19वीं नेटिव इंफैंट्री का (B) 34वीं नेटिव इंफैंट्री का
(C) 49वीं नेटिव इफैंट्री का (D) 94वीं नेटिव इंफैंट्री का
**[UPPCS (GIC) 2010]**

**4.** अंग्रेजी भारतीय सेना में चर्बी वाले कारतूसों से चलने वाली एनफील्ड राइफल कब शामिल की गई?
(A) नवंबर 1856 (B) दिसंबर 1856
(C) जनवरी 1857 (D) फरवरी 1857
**[47th BPSC (Pre) 2005]**

**5.** भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का मुख्य तात्कालिक कारण था–
(A) लॉर्ड डलहौजी की हड़प नीति
(B) अंग्रेजी का धर्म में हस्तक्षेप का संदेह
(C) सैनिक असंतोष
(D) भारत का आर्थिक शोषण
**[RAS/RTS (Pre) 1993]**

**6.** मंगल पांडेय की घटना हुई थी–
(A) मेरठ में (B) बैरकपुर में
(C) अम्बाला में (D) लखनऊ में
**[Uttarakhand PCS (Mains) 2002]**

**7.** 1857 की क्रांति का प्रमुख कारण क्या था?
(A) जन आक्रोश (B) सैनिक असंतोष
(C) ईसाई मिशनरी का प्रबंध (D) ब्रिटिश साम्राज्य की नीति
**[UPPCS (Pre) 1990]**

**8.** 1857 के स्वाधीनता संग्राम का प्रतीक था–
(A) कमल और रोटी (B) बाज
(C) रूमाल (D) दो तलवारें
**[MPPCS (Pre) 1990]**

**9.** 1857 की क्रांति सर्वप्रथम कहां से प्रारंभ हुई?
(A) लखनऊ (B) झाँसी
(C) मेरठ (D) कानपुर
**[UPPCS (Pre) 1990, 1994]**

**10.** मंगल पांडे कहां के विप्लव से जुड़े हैं?
(A) बैरकपुर (B) मेरठ
(C) दिल्ली
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**[UPPCS (Pre) 2010]**

By: Khan Sir (मानचित्र विशेषज्ञ)

**11.** 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित पहली घटना थी–
(A) कानपुर में विद्रोह और नाना साहब का नेतृत्व संभालना
(B) बेगम हजरत महल द्वारा अवध का नेतृत्व
(C) सैनिकों का दिल्ली के लाल किले पर पहुंचना
(D) झांसी की रानी का विद्रोह
**[UPPCS (Mains) 2008]**

**12.** 1857 के संग्राम के निम्नलिखित केंद्रों में से सबसे पहले अंग्रेजों ने किसे पुन: अधिकृत किया?
(A) झांसी (B) मेरठ
(C) दिल्ली (D) कानपुर
**[UPPCS (Mains) 2015]**

**13.** महारानी लक्ष्मीबाई की समाधि कहाँ स्थित है?
(A) मंडला (B) मांडू
(C) जबलपुर (D) ग्वालियर
**[MPPCS (Pre) 2013]**

**14.** रानी लक्ष्मीबाई को अंतिम युद्ध में सामना करना पड़ा–
(A) ह्यूरोज (B) गफ
(C) नील (D) हैवलॉक
**[MPPCS (Pre) 1992]**

**15.** 1857 का विद्रोह लखनऊ में किसके नेतृत्व में आगे बढ़ा?
(A) बेगम ऑफ अवध (B) तात्या टोपे
(C) रानी लक्ष्मीबाई (D) नाना साहब
**[48th to 52nd BPSC (Pre) 2008]**

**16.** वह महिला जिन्होंने अवध में 1857 की क्रांति का नेतृत्व किया था–
(A) लक्ष्मीबाई (B) अहिल्याबाई
(C) अरूणा आसफ अली
(D) बेगम हजरत महल
**[Uttarakhand PCS (Pre) 2010]**

**17.** लखनऊ में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किसने किया था?
(A) जीनत महल (B) नाना साहेब
(C) हजरत महल (D) तात्या टोपे
**[UPPCS (Pre) (Re-Exam) 2015]**

**18.** निम्न में से कौन इलाहाबाद में 1857 के संग्राम का नेता था?
(A) नाना साहेब (B) अजीमुल्ला
(C) तात्या टोपे (D) मौलवी लियाकत अली
**[UPPCS (Mains) 2015]**

**19.** 1857 के संघर्ष में भाग लेने वाले सिपाहियों की सर्वाधिक संख्या थी–
(A) बंगाल में (B) अवध में
(C) बिहार में (D) राजस्थान में
**[UP Lower Sub. (Pre) 2015]**

**20.** 1857 के विद्रोह का नेतृत्व बिहार में किसने किया?
(A) खान बहादुर खान (B) कुंवर सिंह
(C) तात्या टोपे (D) रानी राम कुआंरी
**[42nd BPSC (Pre) 1997]**
**[48th to 52nd BPSC (Pre) 2008]**

**21.** निम्नलिखित वर्गों में किसने 1857 के विद्रोह में भाग नहीं लिया?
1. खेतिहर मजदूर 2. साहूकार
3. कृषक 4. जमींदार
निम्नलिखित कूटों से अपना उत्तर चुनें–
(A) केवल 1 (B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2 (D) 2 और 4
**[40th BPSC (Pre) 1995]**

**22.** नाना साहब का 'कमांडर-इन-चीफ' कौन था?
(A) अजीम-उल्लाह (B) बिरजिस कादिर
(C) ताप्या टोपे (D) उक्त में से कोई नहीं
**[UP Lower Sub. (Spl) (Pre) 2008]**

**23.** 1857 के स्वाधीनता संघर्ष की वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की जन्मस्थली है–
(A) आगरा (B) झांसी
(C) वाराणसी (D) वृन्दावन
**[UPPCS Spl. (Pre) 2008]**

**24.** 1857 के निम्नलिखित क्रांतिकारियों में से किसका वास्तविक नाम 'रामचंद्र पांडुरंग' था?
(A) कुंवर सिंह (B) तात्या टोपे
(C) नाना साहेब (D) मंगल पांडेय
**[UPUDA/LDA (Pre) 2010]**
**[UPPCS (Pre) 2000]**

**25.** 1857 के बरेली विद्रोह का नेता था?
(A) खान बहादुर (B) कुंवर सिंह
(C) मौलवी अहमदशाह (D) विरजिस कादिर
**[UPPCS (Pre) 1998]**

**26.** जगदीशपुर के किस व्यक्ति ने 1857 ई. के विप्लव में क्रांतिकारियों का नेतृत्व किया?
(A) कुंवर सिंह (B) चंद्रशेखर
(C) तीरत सिंह (D) राम सिंह
**[48th to 52nd BPSC (Pre) 2008]**

**27.** अजीमुल्ला खां सलाहकार थे–
(A) नाना साहब के (B) तात्यां टोपे के
(C) रानी लक्ष्मीबाई के
(D) कुंवर सिंह के
**[Uttarakhand PCS (Pre) 2012]**

**28.** वर्ष 1857 के विद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित में से किसे उसके मित्र ने धोखा दिया, तथा जिसे अंग्रेजों द्वारा बंदी बनाकर मार दिया?
(A) नाना साहब (B) कुंवर सिंह
(C) खान बहादुर खान (D) तात्या टोपे
**[IAS (Pre) 2006]**

**29.** कुंवर सिंह, 1857 के विद्रोह के एक प्रमुख नायक थे। वह निम्नलिखित में से किससे संबद्ध थे?
(A) बिहार (B) मध्य प्रदेश
(C) राजस्थान (D) उत्तर प्रदेश
**[IAS (Pre) 2005]**

By : Khan Sir ( मानचित्र विशेषज्ञ )

**30.** कुंवर सिंह ने 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किस प्रांत से किया?
(A) पंजाब (B) बंगाल
(C) बिहार (D) महाराष्ट्र
**[5th BPSC (Pre) 2001]**

**31.** निम्नलिखित में से कौन असम में 1857 की क्रांति का नेता था?
(A) दीवान मनिराम दत्त (B) कंदपेश्वर सिंह
(C) पुरंदर सिंह (D) पियाली बरूआ
**[UPPCS (Mains) 2007]**

**32.** 1857 के विद्रोह के बिहार में 15 जुलाई, 1857 से 20 जनवरी, 1858 तक केंद्र था–
(A) रामपुर (B) हमीरपुर
(C) धीरपुर (D) जगदीशपुर
**[43rd BPSC (Pre) 1999]**

**33.** जगदीशपुर के राजा थे–
(A) नानासाहब (B) तात्या टोपे
(C) लक्ष्मी बाई (D) कुंवर सिंह
**[43nd BPSC (Pre) 1999]**

**34.** 1857 ई. की क्रांति में अंग्रेजों व जोधपुर की संयुक्त सेना को पराजित करने वाला था–
(A) तात्या टोप (B) टोंक ने नवाब वजीर खां
(C) महाराज रामसिंह (D) आउवा के ठाकुर कुशल सिंह
**[RAS/RTS (Pre) 1993]**

**35.** निम्नलिखिम में से कौन–सा स्थल राजस्थान में 1857 की क्रांति का केंद्र नहीं था?
(A) अजमेर (B) जयपुर
(C) नीमच (D) आऊवा
**[RAS/RTS (Pre) 2012]**

**36.** निम्नलिखित में से किसने 1857 में अंग्रेजों से संघर्ष किया?
(A) चंद्रशेखर आजाद (B) रामप्रदसाद बिस्मिल
(C) शहादत खान (D) माखनलाल चतुर्वेदी
**[MPPCS (Pre) 2000]**

**37.** निम्नलिखित में से 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों का सबसे कट्टर दुश्मन था?
(A) मौलवी अहमदुल्लाह शाह (B) मौलवी इंदादुल्लाह
(C) मौलाना फज्लेहक खैराबादी (D) नवाब लियाकत अली
**[45th BPSC (Pre) 2001]**

**38.** पटना के 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के नेता थे–
(A) हैदर अली खान (B) राजपूत कुंवर सिंह
(C) जुझार सिंह (D) कुशल सिंह
**[43rd BPSC (Pre) 1999]**

**39.** 1857 क विद्रोह को किस उर्दू कवि ने देखा था?
(A) मीर तकी मीर (B) जोर
(C) गालिब (D) इकबाल
**[45th BPSC (Pre) 2001]**

**40.** सुप्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा गालिब का मूल निवास था–
(A) आगरा (B) दिल्ली
(C) लाहौर (D) लखनऊ
**[UP Lower Sub. (Pre) 2002]**

**41.** आजादी की पहली लड़ाई 1857 के किसने भाग नहीं लिया–
(A) तात्या टोपे (B) रानी लक्ष्मीबाई
(C) बहादुरशाह जफर (D) भगत सिंह
**[MUPPCS (Pre) 2000]**

**42.** 1857 के विद्रोह से निम्नांकित में कौन संबद्ध नहीं था?
(A) बेगम हजरत महल (B) कुंवर सिंह
(C) ऊधम सिंह (D) मौलवी अहमदुल्लाह
**[UPPCS (Pre) 1996]**

**43.** 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में किस राजवंश ने अंग्रेजों की सर्वाधिक सहायता की?
(A) ग्वालियर के सिंधिया (B) इंदौर के होल्कर
(C) नागपुर के भोंसले (D) रामगढ़ के लोधी
**[MPPCS (Pre) 2010]**

**44.** भारत में शिक्षित मध्यवर्ग ने–
(A) 1857 के विद्रोह का विरोध किया था
(B) 1857 के विद्रोह का समर्थन किया था
(C) 1857 के विद्रोह से तटस्थता बनाए रखी थी
(D) देशी शासकों के विरुद्ध युद्ध किया था
**[UPPCS (Pre) 1998]**

**45.** निम्न में से कौन–सा एक क्षेत्र 1857 के विद्रोह से प्रभावित नहीं था?
(A) झांसी (B) चित्तौड़
(C) जगदीशपुर (D) लखनऊ
**[IAS (Pre) 2005]**

**46.** 1857 के विद्रोह से बिहार का कौन–सा भाग अप्रभावित रहा?
1. दानापुर 2. पटना
3. आरा 4. मुजफ्फरपुर
5. मुंगेर
निम्नलिखित कूटों से अपना उत्तर चुनें–
(A) 4 एवं 5 (B) केवल 5
(C) केवल 4 (D) 3, 4 एवं 5
**[41st BPSC (Pre) 1996]**

**47.** सूची-I (1857 के विप्लव के नायक) को सूची-II (उनके कार्यक्षेत्र) से सुमेलित कीजिए–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. बख्त खां | 1. अवध |
| B. मौलवी अहमदुल्ला | 2. कानपुर |
| C. कुंवर सिंह | 3. आरा |
| D. नाना साहब | 4. दिल्ली |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 2 | 4 | 1 | 3 |

**[Chhattisgarh PCS (Pre) 2014]**

By : Khan Sir (मानचित्र विशेषज्ञ)

**48.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| A. झांसी | 1. मौलवी अहमद शाह |
| B. लखनऊ | 2. अजीमुल्लाह खां |
| C. कानपुर | 3. बेगम हजरत महल |
| D. फैजाबाद | 4. रानी लक्ष्मीबाई |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**[UPPCS (Pre) 2010]**

**49.** 1857 के विद्रोह के बाद ब्रिटिश सरकार ने सिपाहियों का इन प्रांतां से चयन किया–
(A) उत्तर प्रदेश एवं बिहार के ब्राह्मण
(B) पूर्व में बंगाली एवं उड़िया
(C) गोरखा, सिक्ख एवं पंजाबी उत्तर प्रांत से
(D) मद्रास प्रेसिडेंसी एवं मराठा
**[48th to 52nd BPSC (Pre) 2008]**

**50.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के अंत में दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची-I (क्रांतिकारियों के नाम)** | **सूची-II (स्थान)** |
|---|---|
| A. नाना साहब | 1. दिल्ली |
| B. नवाब हामिद अली खान | 2. कानपुर |
| C. मौलवी अहमूद उल्ला | 3. लखनऊ |
| D. मनी राम दीवान | 4. असम |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**[UPRO/ARO (Pre) 2016]**

**51.** 1857 में भारत का गर्वनर-जनरल कौन था?
(A) वेलेस्ली (B) डलहौजी
(C) कैनिंग (D) मिंटो
**[46th t0 59th BPSC (Pre) 2015]**

**52.** 1857 विद्रोह के समय बैरकपुर में कौन ब्रिटिश कमाण्डिंग ऑफिसर था?
(A) हेनरी लॉरेन्स (B) कर्नल फिनिल
(C) हैरसे (D) सर ह्यू व्हीलर
**[UPPCS (RI) 2014]**

**53.** 1857 के विद्रोह के समय ब्रिटिश प्रधानमंत्री कौन था?
(A) चर्चिल (B) पामर्स्टन
(C) एटली (D) ग्लेडस्टोन
**[UPPCS (Pre) 1991]**

**54.** 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम असफल हुआ क्योंकि–
(A) भारतीय सिपाहियों के उद्देश्य की एकता की कमी थी
(B) प्राय: भारतीय राजाओं ने ब्रिटिश सरकार का साथ दिया
(C) ब्रिटिश सिपाही कहीं अच्छे सज्जित तथा संगठित थे
(D) उपर्युक्त सभी
**[UP Lower Sub. (Pre) 1998]**

**55.** 1857 का विद्रोह मुख्यत: किस कारण से असफल रहा?
(A) हिंदू-मुस्लिम एकता की कमी
(B) किसी सामान्य योजना और केंद्रीय संगठन कमी
(C) इसके प्रभाव का सीमित क्षेत्र
(D) जमींदारों की सहभागिता
**[41st BPSC (Pre) 1996]**

**56.** 1857 के किसने इलाहाबाद को आपातकालीन मुख्यालय बनाया था?
(A) लॉर्ड कैनिंग (B) लॉर्ड कार्नवालिस
(C) लॉर्ड वेलेजली (D) लॉर्ड विलियम बेंटिक
**[UPPCS (Pre) 2005]**

**57.** अंग्रेज राजपूत राज्यों में 1857 के विद्रोह को दबाने में सफल रहे क्योंकि–
(A) स्थानीय शासकों के क्रांतिकारियों का साथ नहीं दिया
(B) शिक्षित मध्य वर्ग अंग्रेजों का समर्थन कर रहा था
(C) छावनियों के सैनिक राजपूताना से बाहर के क्रांतिकारियों का नेतृत्व स्वीकारने को तैयार नहीं थे
(D) समाचार-पत्र क्रांतिकारियों के सही उद्देश्यों को नहीं दर्शा पाए
**[RAS/RTS (Pre) 1996]**

**58.** निम्नलिखित में से किन ब्रिटिश अधिकारियों ने लखनऊ में अपना जीवन खोया था?
1. जनरल जॉन निकलसन 2. जनरल नील
3. मेजर जनरल हैवलॉक 4. सर हेनरी लॉरेन्स
निम्नलिखित कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए–
कूट :
(A) 1, 2 और 3 (B) 1, 3 और 4
(C) 2, 3 और 4 (D) उपर्युक्त सभी
**[UPPCS (Pre) 2008]**

**59.** विचार कीजिए–
कथन (क) : 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता प्राप्त करने में असफल रहा।
कारण (का) : बहादुरशाह जफर के नेतृत्व को जनसहयोग नहीं मिला था और अधिकांश महत्त्वपूर्ण रिसायतों के शासक उनका साथ देने में कतरा गए।
नीचे दिए गए कोड में सही उत्तर चुनिए–
(A) (क) और (का) दोनों सत्य हैं और (का), (क) का सही स्पष्टीकरण है।
(B) (क) और (का) दोनों सत्य हैं परंतु (का), (क) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(C) (क) सत्य है और (का) असत्य है।
(D) (क) असत्य है, परंतु (का) सत्य है।
**[9th BPSC (Pre) 1994]**

By : Khan Sir (मानचित्र विशेषज्ञ)

60. निम्नलिखित में किसने 1857 के विद्रोह को एक 'षड्यंत्र' की संज्ञा दी?
(A) सर जेम्स आउट्रम एवं डब्ल्यू टेलर
(B) सर जॉन के
(C) सर जॉन लॉरेंस (D) टी.आर. होल्म्स
**[40th BPSC (Pre) 1995]**

61. आधुनिक इतिहासकार जिसने 1857 के विद्रोह को स्वतंत्रता की पहली लड़ाई कहा, था–
(A) डॉ. आर.सी. मजूमदार (B) डॉ. एस.एन. सेन
(C) वी.डी. सावरकर (D) अशोक मेहता
**[MPPCS (Pre) 2008]**

62. भारतीय स्वाधीनता आंदोलन की सरकारी इतिहासकार था–
(A) आर.सी. मजूमदार (B) ताराचंद्र
(C) वी.डी. सावरकर (D) एस.एन. सेन
**[UPPCS (Pre) 2010]**

63. महारानी विक्टोरिया ने भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश ताज के नियंत्रण में लेने की घोषणा कब की थी?
(A) 1 नवंबर, 1858 (B) 31 दिसंबर, 1857
(C) 6 जनवरी, 1958 (D) 17 नवंबर, 1859
**[48th to 52nd BPSC (Pre) 2008]**

64. साम्राज्ञी विक्टोरिया ने 1858 की घोषणा में भारतीयों को बहुत-सी चीजें दिए जाने का आश्वासन दिया था। निम्न आश्वासनों में से कौन-सा ब्रिटिश शासन ने पूरा किया था?
(A) रियासतों को हड़पने की नीति समाप्त कर दी जाएगी।
(B) देशी रजवाड़ों की यथास्थिति बनाए रखी जायेगी।
(C) भारतीय एवं यूरोपिय सभी प्रजा को समान व्यवहार मिलेगा।
(D) भारतीयों के सामाजिक एवं धार्मिक विश्वासों में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा।
**[UPPCS (Pre) 1994]**

65. महारानी विक्टोरिया की उद्घोषणा (1858) का उद्देश्य क्या था?
1. भारतीय राज्यों को ब्रिटिश साम्राज्य में मिलाने के किसी भी विचार का परित्याग करना।
2. भारतीय प्रशासन को ब्रिटिश क्राउन के अंतर्गत रखना।
3. भारत के साथ ईस्ट इंडिया कपंनी के व्यापार का नियमन करा।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।
(A) केवल 1 और 2 (B) केवल 2
(C) केवल 1 और 3 (D) 1, 2 और 3
**[IAS (Pre) 2014]**

66. निम्नलिखित में कौन-सा आयोग 1857 के विद्रोह के दमन के बाद भारतीय फौज के नव संगठन से संबंधित है?
(A) पब्लिक सर्विस आयोग (B) पील आयोग
(C) हंटर आयोग (D) साइमन कमीशन
**[45th BPSC (Pre) 2001]**

67. 1857 के विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?
(A) लॉर्ड डलहौजी (B) लॉर्ड मिंटो
(C) लॉर्ड कैनिंग (D) लॉर्डग बैंटिक
**[Chhattisgarh PCS (Pre) 2005]**
**[UPPCS (Pre) 1990, 2012]**
**[UPRO/ARO (Mains) 2013]**

68. भारतीय भाषा में 1857 के विप्लव के कारणों पर लिखने वाला प्रथम भारतीयस था–
(A) सैयद अहमद खां (B) वी.डी. सावरकर
(C) बंकिमचंद्र चटर्जी (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
**[UPPCS (Pre) 2000]**

69. सिपाही विद्रोह के सयम भारत का गवर्नर जनरल कौन था?
(A) लॉर्ड कैनिंग (B) लॉर्ड डलहौजी
(C) लॉर्ड हार्डिंग (D) लॉर्ड लिटन
**[IAS (Pre) 2006]**

70. ''तथाकथित प्रथम राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम न प्रथम, न राष्ट्रीय और न ही स्वतंत्रता संग्राम था।'' यह कथन संबद्ध है–
(A) आर.पी. मजूमदार से (B) एस.एन. सेन से
(C) ताराचंद से (D) वी.डी. सावरकर से
**[UPPCS (Mains) 2010]**

71. 1857 के संग्राम को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का नाम किसने दिया?
(A) वी.ए. स्मिथ (B) पी.ई. रॉबर्ट्स
(C) वी.डी. सावरकर (D) उपर्युक्त सभी
**[UPPCS (Pre) 2015]**

72. 1857 की क्रांति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी एक अवधारणा सही है?
(A) भारतीय इतिहासकारों ने इसे भारतीय विद्रोह के रूप में वर्तित किया है।
(B) ब्रिटिश इतिहासकारों ने इसे स्वाधीनता का संग्राम कहा है।
(C) इसने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी की शासन प्रणाली को मृतप्राय बना दिया।
(D) यह क्रांति भारत में प्रशासनिक तंत्र को सुधारने हेतु की गई?
**[UPPCS (Pre) 2010]**

## ANSWERSHEET

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. b | 2. c | 3. b | 4. b | 5. b | 6. b |
| 7. d | 8. a | 9. c | 10. a | 11. c | 12. c |
| 13. d | 14. a | 15. a | 16. d | 17. c | 18. d |
| 19. b | 20. b | 21. d | 22. c | 23. c | 24. b |
| 25. a | 26. a | 27. a | 28. d | 29. a | 30. c |
| 31. a | 32. d | 33. d | 34. d | 35. b | 36. c |
| 37. a | 38. b | 39. c | 40. a | 41. d | 42. c |
| 43. a | 44. c | 45. b | 46. b | 47. c | 48. a |
| 49. c | 50. d | 51. c | 52. c | 53. b | 54. d |
| 55. b | 56. a | 57. a | 58. c | 59. a | 60. a |
| 61. c | 62. d | 63. a | 64. a | 65. a | 66. b |
| 67. c | 68. a | 69. a | 70. a | 71. c | 72. c |

By : Khan Sir (मानचित्र विशेषज्ञ)